DAINIK BHASKAR, Surat, 3.3.2023
Page No. 1, Size:(11.97)cms X (9.08)cms.

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट

बिना नहर का पानी रोके लॉन्च किया 45 मीटर लंबा वायडक्ट

सूरत | मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड बुलेट रेल कॉरिडोर के 153 किमी रूट पर पिलर्स खड़े कर लिए गए हैं। वायडक्ट लॉन्च करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस कॉरिडोर पर आणंद जिले में एक नहर पर वायडक्ट लॉन्च करना सबसे जटिल कार्य माना जा रहा था। हालांकि इस वायडक्ट को भी लॉन्च कर दिया गया। आणंद जिले में माही नदी की सहायक नहर की पेटलाड के लिए 45 मीटर लंबा एसबीएस (स्पान बाई स्पान) गर्डर बनाया गया। इससे नहर का जल प्रवाह बाधित न हो, इसलिए इसे फुल स्पान लॉन्चिंग मेथड की बजाय एसबीएस मेथड से लॉन्च किया गया। नहर के ऊपर 45 मीटर लंबा स्पान बनाने के लिए 19 सेग्मेंट्स को एक साथ जोड़ा गया। आगे के वायडक्ट के निर्माण के लिए 1000 मीट्रिक टन फुल स्पान गर्डर को एसबीएस स्पान के ऊपर ले जाया गया। अब पूरे कॉरिडोर के निर्माण में और तेजी आएगी।

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर

पेटलाद में नहर पर 45 मीटर लंबे वायडक्ट का निर्माण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद/आणंद. मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए आणंद जिले की पेटलाद नहर (माही नदी की सिंचाई नहर) पर 45 मीटर लंबे एसबीएस स्पैन के जरिए वायडक्ट का निर्माण किया गया। नेशनल हाई स्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रवक्ता के अनुसार फुल स्पैन लॉन्चिंग मेथड संभव न होने की वजह से एसबीएस मेथड का इस्तेमाल किया गया।

जल प्रवाह को बाधित न करते हुए नहर के ऊपर 45 मीटर लम्बा स्पैन बनाने के लिए 19 सेग्मेंट्स को एक साथ जोड़ा गया। आगे के वायडक्ट के निर्माण के लिए 1000 मीट्रिक टन फुल स्पैन गर्डर को एसबीएस स्पैन के ऊपर ले जाया गया।